फास्ट फॉरवर्ड

सुपरकमांडो ध्रुव

संजय गुप्ता की पेशकश — राज कॉमिक्स हैं मेरा जनून।

लेखक : जॉली सिन्हा — इंकिंग : विनोद कुमार, राकेश, जगदीश — इफैक्ट्स : जॉन पोलॉस, जगत, गोविन्द

पेंसिलिंग : अनुपम सिन्हा — सुलेख एंव रंग : सुनील पाण्डेय — सम्पादक : मनीष गुप्ता

कैडेट 2CA2! रिपोर्ट!
मैं अभी वेस्ट राजनगर के गुंबद मोड़ पर हूं! यहां पर सब ठीक है!
कैडेट 21 D! रिपोर्ट!
मैं मॉल स्क्वॉयर पर हूं, सर! एवरीथिंग इज फाइन!
कैडेट 39 P6! रिपोर्ट!
कैडेट 39 P6! विक्रम! रिपोर्ट!
सो रहे हो क्या?
नो सर! मैं आपको लेटेस्ट रिपोर्ट देना चाहता हूं! पहले आस-पास देख तो लूं!
Comfort
सब ठीक है सर! नथिंग टू...
वाऊ! ये क्या था?
कैडेट! तुम्हारी आवाज धीमी क्यों होती जा रही है?

कैडेट!
क्या हुआ?
चीईं ईईं
क्या हुआ
कैडेट विक्रम?
इस महीने
में ये तुम्हारी
25 वीं गड़बड़ी
है!
दिस इज
योर सिल्वर
जुबली मिस्टेक!
सॉरी
सर!
प... पता नहीं
क्या हुआ! मुझे
किसी चीज ने
टक्कर मारी!
किसी 'चीज'
ने?
पकड़ो ऽऽ भागने न पाए
और फिर
भाग गई! म...
मैं अभी देखता हूं,
सर!
ये आवाजें
कैसी हैं?
पकड़ो!
पकड़ो पॉकेटमार
को!
ओए हट
रास्ते से!
आऊ!
अब क्या हुआ
कैडेट विक्रम?
स्टैमपीड सर!
भगदड़!
हे भगवान!
कुछ समझ में
नहीं आ रहा है कि
वहां पर क्या हो रहा
है?
कोई मामूली सा
झगड़ा है, बड़ी वारदात
है या कुछ भी नहीं
है!
इस कैडेट को
कमांडो फोर्स में
किसने रखा था?
श्वेता मैडम ने!
इंग्लैंड जाने
से पहले!
मुझे पहले
ही समझ जाना चाहिए
था!
ऐसे कैडेट को सिर्फ
श्वेता ही रख सकती
है!
गर्रर्रर!
अब तो दिखाना
ही पड़ेगा कि विक्रम क्या
चीज है?
मैं आ रहा
हूं जेबकतरे!
तेरे पर
काटने को!

हटो!
भाग गया!
अरे, मेरे पर्स में पूरे तीन हजार रुपए थे!
बड़ा दमदार पॉकेट मार था!
क्या स्पीड से भागा था, बॉस!
भाग गया! कैसे भाग गया? कैडेट विक्रम उसे पकड़कर ही रहेगा।
वर्ना मेरे नाम पर बट्टा लग जाएगा!
पर मैं उसे ढूंढूंगा कैसे?
मैंने तो उसकी शक्ल तक नहीं देखी!
हे ध्रुव देव! आप ही कुछ रास्ता दिखाओ!
अपने जैसी बुद्धि दो मुझे!
एवरीथिंग ऑल राइट कैप्टन?
तुम वहां पर पहुंच गए हो?
हां, करीम सब ठीक है!
श्वेता की पसन्द पर भरोसा रखो!
और लाइन कट करो!
अब मुझे कैडेट विक्रम से बात करनी है!
कैडेट विक्रम!
कैप्टन! ओ गॉड! मैंने आपको याद किया, और...
बताइए! कैसे पकड़ूं मैं उस पॉकेटमार को?
सुनो कैडेट! अपराधी कोई न कोई सूत्र छोड़कर जाता है! और तुम्हारे अनुसार वह तुमसे टकराया था!
यस, कैप्टन! वह मेरी बांह से टकराया था।
और मेरे हाथ से टू-वे रिसीवर छूटकर गिर गया था!
ओ, यस!
थैंक्यू कैप्टन!
मैं समझ गया!

पास की ही एक सुनसान गली में -
अरे! ये मूर्ख मुझे क्या पकड़ेंगे?
मेरी रोलर स्केट्स की स्पीड को मैच कर पाना आसान नहीं है!
पर हो सकता है कि अभी भी मेरे शिकारी मेरी ताक में तैनात हों! इसलिए अब अपने असली रूप में आने का समय आ गया है!
ऐसा रूप जिस पर किसी को सपने में भी शक नहीं हो सकता है!
एक पोलियो ग्रस्त अपंग का रूप!
अगर मैंने ये सीन अपनी आंखों से नहीं देखा होता...
... तो मैं भी कभी भरोसा नहीं करता!
तू... तू तो कमांडो फोर्स का वही कैडेट है, जिससे टकराकर मैं लगभग गिर ही गया था!
पर... तू यहां तक कैसे पहुंच गया?
अपने कैप्टन के इस दोस्त की मदद से!
जब तू मुझसे टकराया था तो अपने बदन पर लगे उस तेल की खास महक भी छोड़ गया था जो तेरे जैसे जेब-कतरे लगाते हैं!
इसी महक को सूंघकर कैप्टन के इस दोस्त ने मेरी मदद की, और तेरी महक का पीछा करके मुझे यहां तक पहुंचा दिया!

अब मुझे जबरदस्ती करने पर विवश मत करो! क्योंकि एक अपंग पर हाथ उठाकर मुझे बहुत शर्मिन्दगी होगी!
पैसे दो, पर्स दो और थाने चलो!
शर्मिन्दगी तो जरूर होगी! क्योंकि एक अपंग से पिट जाना कोई बहादुरी का काम तो है नहीं!
पिट जाना? और वह भी तुमसे, पोलियो!
होश की दवा कर! मैं एक ट्रेंड कमांडो हूं!
मेरा नाम पोलियो नहीं, लियो है! और मैं तेरे ट्रेंड होने का भ्रम अभी दूर कर दूंगा!
एक कैडेट को चैलेंज!
आऽऽऽऽ
आऊऽऽऽऽ
अमेजिंग!
विक्रम की फाइट ट्रेनिंग नाकाफी साबित हो रही थी-
लेकिन कमांडोज को सिर्फ हाथ-पैरों से नहीं...
...दिमाग से लड़ना भी सिखाया जाता था-
तेरी बैसाखियां तेरी मेन पॉवर है!
इसीलिए पहले मैं बैसाखियों को काबू में करूंगा और फिर तुझे!

लियो से पंगा मत लियो कमांडो!
रुक जाओ!
ओ! सुपर कमांडो ध्रुव! कैप्टन खुद आ गया अपने कैडेट को बचाने के लिए!
मेरे कैडेट्स में खुद बचने की क्षमता है, लियो!
क्षमता तुममें भी है! पर तुम उस क्षमता का गलत प्रयोग कर रहे हो!
गलत प्रयोग करेगा तो सजा भी पाएगा...
...मास्टर जी!
मर गया तेरा मास्टरजी! मेरे इतना समझाने के बाद भी आखिर तू उसी राह पर चल निकला, जिस पर जाने से मैंने तुझे मना किया था!
आप कौन हैं?
अपंग बच्चों की उस संस्था 'आत्मबल' का संस्थापक जिसका एक सदस्य ये बदनसीब भी है!
मुझे बदनसीब मत कहिए मास्टर जी! मैं बदनसीब नहीं था! मुझे बदनसीब इस सिस्टम ने बनाया है! मैं तो एक रेसर बनना चाहता था! पर तब कहां थी ये कमांडो फोर्स जब घोटालों के इस सिस्टम ने मुझे पोलियो की वह दवाई पिलाई, जो असरदार थी ही नहीं!
मुझे पोलियो देने वाला ये सिस्टम है!
और अगर मैं इस सिस्टम से मुआवजा वसूलना चाहता हूं तो क्या गलत कर रहा हूं!
गलत सही का फैसला करना या तो जज का काम है या फिर ईश्वर का! इसको थाने ले जाओ ध्रुव!
मैं इसकी जमानत देने समय पर आ जाऊंगा!

और फिर-
आई एम प्राउड ऑफ यू कैडेट 59 P 6 !
रियली सर... मतलब... कैप्टन !
यस ! तुमने जिस तरह से हिम्मत नहीं हारी, और आखिरी दम तक सिचुएशन का सामना किया, उससे ये साबित कर दिया है कि तुममें एक अच्छे कैडेट बनने के सारे गुण मौजूद हैं !
थैंक्यू, कैप्टन !
थैंक्यू !
यकीन नहीं होता ! ये तो मेरे हाथों में सोने की चिड़िया लग गई !
मैंने तो सोचा था कि ये काम कभी होगा ही नहीं !
हैलो... हां, मैं बोल रहा हूं किलबिल ! एजेंट नम्बर 023 ! खुशखबरी है ! जैसा आप चाहते थे वैसा ही सैम्पल मिल गया है ! एकदम परफैक्ट मैच !
तुम जहां पर हो वहां का पता मुझे दो और मेरा इंतजार करो !
मैं अन्नपूर्णा मॉल के बाहर हूं !
इंतजार करो ! मैं दस मिनट में वहां पहुंच जाऊंगा !
शाबाश 023 ! इस काम पर मैंने पचहत्तर भेदिए लगाए थे ! पर सफलता सिर्फ तुमको मिली ! तुम ईनाम के हकदार हो !
किलबिल वायदे का पक्का था-
पूरे दस मिनट बाद-
बोलो एजेंट 023 ! सैम्पल कहां पर मिलेगा ?
सैम्पल का नाम लियो है ! पोलियो ग्रस्त है ! और वह 'आत्मबल' संस्था में रहता है !
अब मेरा ईनाम !
ये है तेरा ईनाम !
कीड़े-मकौड़ों जैसी जिन्दगी से मुक्ति !

तूने यही गलती की कि तूने सैम्पल को ढूंढ लिया ! और इस कारण से तेरी मुलाकात किलबिल से हो गई !
किलबिल कौन है, कहां रहता है, कैसा दिखता है यह कोई नहीं जानता !
क्योंकि किलबिल तेरे जैसी कड़ियों को तोड़ कर उस जंजीर को कभी बनने ही नहीं देता जो किलबिल को बांध सके !
अब किलबिल का अगला कदम है, उस सैम्पल तक पहुंचना और उसको अपना स्पेशल गिफ्ट देना !
'सैम्पल लियो' लॉकअप का चक्कर काटकर वापस 'आत्मबल संस्था' में आ चुका था-
जानते हो लियो कि मैंने बाकी सभी इमेट्स के सो जाने के बाद तुमको क्यों बुलाया है ?
हां ! क्योंकि आप मुझे फिर से संतोष का पाठ पढ़ाना चाहते हैं !
समाज के प्रति अपने दिल में भरे जहर को बाहर उगल दो लियो ! तुममें अद्भुत क्षमता है, पर उस क्षमता का प्रयोग तुम जेल में रहकर नहीं कर सकते !
समाज से बदला लेने के बजाय कुछ ऐसा करो कि समाज तुम पर गर्व करे ! यही होगा समाज से सबसे अच्छा बदला !
ठक ठक
कोई आया है मास्टर जी !
इस वक्त ? रात के दस बजे ? मैं देखता हूं कौन है ?

कहिए!
क्या चाहते हैं आप?
मैं डी. एस. एम. कुरियर से आया हूं सर! मिस्टर लियो के नाम एक पार्सल डिलीवर करना है!
इस वक्त तो कुरियर आते ही नहीं हैं!
हमारी इंटरनेशनल कुरियर कंपनी है सर! हम चौबीसों घंटे डिलीवरी करते हैं! आप लियो हैं?
लियो मैं हूं और मेरा इस दुनिया में मास्टर जी के अलावा कोई नहीं है!
फिर मुझे पार्सल किसने भेजा है?
ये कुरियर पेरिस से आया है, सर! भेजने वाले का नाम पोलियो इरेडिकेशन सोसायटी है!
ओह! ये संस्था तो ऐसे-ऐसे गैजेट्स बनाती है जिनके प्रयोग से पोलियो ग्रस्त अपंग एक सामान्य जिन्दगी जी सके!
शायद उन्होंने तुमको अपने ऐसे ही किसी गैजेट को ट्राई करने के लिए चुना है!
क्या मैं इसे खोल सकता हूं!
जरूर सर!
वाऽऽऽ इसमें तो फ्यूचुरिस्टिक लेग गियर के साथ-साथ एक कॉस्ट्यूम भी है! वाह!
लाइए, मैं साइन करके ये पार्सल ले लेता हूं!
आपके पास पेन होगा?
जरूर सर! ये लीजिए!
पिस्तौल!
कुरियर वाले के पास!
कुछ गड़बड़ है!
तेरी तो...
धांय
लियो, भागो! इसको मैं रोकता हूं!
जाकर सबको बुलाओ!

पर... पर
मास्टर जी...
HANDLE
ये तेरे कर्मों का ही नतीजा है लियो ! बुरी राह पर पड़े तेरे कदमों को देखकर ही किसी पापी ने तुझे अपराधी बनाने की ठान ली है !
पर जब तक मेरी जान में जान है, इस संस्था का हर सदस्य सच्चा बनेगा ! सिर्फ सच्चा !
DLE CARE
तू जा ! और मदद लेकर आ !
मितवा ! बन्ने ! जोतिया !
क्या हुआ लियो ! तू चिल्ला क्यों रहा है ?
मास्टर... मास्टर जी... मास्टर जी...
क्या हुआ मास्टर जी को ?
धँप
मास्टर जी !
आऽऽऽह !
अंदर हैं मास्टर जी ! तोड़ दो दरवाजा !
बैसाखियों की दर्जनों चोटें दरवाजा भी सह नहीं पाया-
ठाठ
तड़ाक

मास्टर जी ! आपको... आपको तो गोली लगी है !
वो... वो कुरियर वाला कहां गया ?
मेरी... जान लेना... चाहता था ! पर दूसरी गोली चलाने से पहले ही तुम लोग... हफ़... आ गए !
आऽऽऽह !
खिड़की से... आह... भाग गया शैतान !
आऽऽऽह !
अरे ! जल्दी से एम्बुलेंस को फोन करो ! मास्टर जी का बहुत खून बह गया है !
लियो !
ह... हां, मास्टर जी !
इस पोशाक को... आह... पहनना... अह...
अह !
मास्टर जी बेहोश हो गए हैं !
एम्बुलेंस भी आ गई है !
ले चलो मास्टर जी को !
मास्टर जी ने ऐसा क्यों कहा कि 'इस पोशाक को पहनना...'
कहीं वे ये तो नहीं कहना चाहते थे कि ' पहनना मत'..
12

मास्टर यही कहना चाहता होगा !
वह समझ गया था कि ये ड्रेस तेरे लिए नहीं है !...
... ला ! इसे मुझे दे दे !
क... कौन हो तुम ?
तुझे नेकी की राह दिखाने वाला फरिश्ता ! ला ! ये बॉक्स मुझे दे दे !
अब कोई नया खतरा आ गया ! ये बॉक्स मामूली नहीं है ! इसे गलत हाथों में नहीं पड़ना चाहिए ! मैं मास्टर जी को होश में आने तक इसको बचाकर रखूंगा ! और उसके बाद जैसा वे कहेंगे, वैसा ही करूंगा !
ये बॉक्स अगर तुमको चाहिए तो मास्टर जी से लेना !
मूर्ख कहीं के ! तू समझ नहीं रहा है ! अगर ये बॉक्स तेरे पास रहा तो न तो तू जिन्दा बचेगा और न ही तेरा मास्टर !
ओ गॉड !
अरे, भागकर कहां जाएगा !
अभी तो तेरे पास स्केट्स लगे नकली पैर भी नहीं है !
ये काफी कुछ जानता है मेरे बारे में ! मैं बॉक्स को हाथ में पकड़कर तेज नहीं भाग सकता !
अब इस बॉक्स में रखी ड्रेस को बचाने का एक ही तरीका है !

मुझे इस ड्रेस को पहनना होगा!
तब ये मुझसे आसानी से इसको छीन नहीं पाएगा!
पर ये ड्रेस मेरे नाप की है भी या नहीं!
अरे! अरे! ये ड्रेस तो मेरे शरीर पर अपने आप चिपक रही है!
वाऊ! मैंने इस ड्रेस को नहीं पहना, बल्कि इस ड्रेस ने मुझे पहन लिया है!
और... और मैं आराम से खड़ा भी हो गया! आई डोंट बिलीव इट!
लियो के चेहरे पर फैली मुस्कान ज्यादा देर तक कायम नहीं रह पाई -
क्योंकि जल्दी ही उसके चेहरे पर दर्द की लकीरें फैल गई थीं -
ओ, नो!
वही हुआ जो नहीं होना चाहिए था!
'जूमर' मेरे हाथों से निकल चुका है!

अब मुझे अपनी 'स्ट्रैटिजी' को बदलना होगा...
...और उसके लिए मुझे जिन्दा रहना होगा!
और इसी वक्त-
एक अंजान जगह पर -
ACTIVATED
ZOOMER IS NOW ACTIVE!
यस!
लियो ने 'ज़ूमर' को पहन लिया है! या कहो कि ज़ूमर ने लियो को लपेट लिया है!
ORANGE
अब प्लान का दूसरा स्टेप शुरू होगा!
राजनगर हमेशा मुसीबतों से एक कदम आगे रहने की कोशिश में लगा रहता था-
अब तो मानते हो न, कैप्टन कि हम सिर्फ कैडेट्स पर निर्भर नहीं रह सकते! आज विक्रम के एपीसोड ने ये साबित कर दिया है!
तुम देखना! राजनगर में आज से चालू होने वाला हमारा 1111 क्लोज़ सर्किट हाई स्पीड कैमरों का नेटवर्क कैडेट्स से ज्यादा इफेक्टिव साबित होगा!
गलत, करीम! आज की घटना ने कैडेट्स पर मेरे विश्वास को और बढ़ा दिया है! और कैमरों का नेटवर्क कैडेट्स को रिप्लेस नहीं करेगा, बल्कि उनकी क्षमता को बढ़ाएगा!
प्वाइंट टेकन, कैप्टेन!
अब कमांडो फोर्स के इस लेटेस्ट सिस्टम का उद्घाटन तो कर दो!
बटन दबाकर!
बटन दबा-

और राजनगर के कोने-कोने में लगा ।।।। क्लोज सर्किट हाई स्पीड डिजिटल कैमरों का नेटवर्क चालू हो गया-
येSSSS
अब न अपराध हमारी नजरों से छुप पाएगा...
... और न ही अपराधी हमारे पैट्रोलिंग कैडेट्स के चंगुल से बचकर भाग पाएगा!
ये कैमरे नहीं हैं, राजनगर में चारों तरफ फैली कमांडो फोर्स की एक हजार एक सौ ग्यारह आंखें हैं!
पर तुम्हारी आंखों को क्या हुआ, कैप्टन?
इधर देखो, करीम! ये हमारे कैमरों की गड़बड़ी है!
या फिर ये ऐसी कोई चीज है जिसको हमारे कैमरे पकड़ नहीं पा रहे हैं!
ये लाइनें? अरे! अब ये लाइनें इस कैमरे पर हैं!
ऐसा लगता है जैसे कि कोई चीज बहुत तेजी से कैमरों के सामने से गुजरी है!
पर हमारे कैमरे तो जेट प्लेन तक की स्पीड की चीजों को पकड़ सकते हैं!
फिर ये क्या है?
कैमरों की ही कोई तकनीकी खराबी होगी! मैं ये कैमरे चेक करता हूं!

कहानी 19 पेज से जारी

हम नहीं मानते कोई प्रतिबंध,हमारा जुनून बना डालेगा इसे मौत का ...
एक्सप्रेस-वे
250
STOP

मानव या रोबोट...कौन है श्रेष्ठ?
ये बताएगा स्टील का सिपाही...जो है...
Chaubey Ji Govind Ram
मेड इन इंडिया
जापान के धुरंधर रोबोटिक वैज्ञानिकों ने किया हिंदुस्तान पर हमला...
राज कॉमिक्स में इंस्पेक्टर स्टील का स्टीली कॉमिक विशेषांक!

मुझे नहीं लगता करीम! ये 'कलर स्ट्रीक' पहले कैमरा कोड 304 में फिर 512 में, फिर 629 में और अंत में 113 पर नजर आई है!
इन कैमरों का लोकेशन के हिसाब से मुझे चार्ट चाहिए! ताकि किसी पैटर्न का पता चल सके!
हमारा सिस्टम कैमरा पोजिशनिंग और टाइमिंग के हिसाब से खुद चार्ट बना सकता है!
बल्कि उसने बना भी लिया है!
ये देखो! इसका रास्ता ये है! बैंक ब्लॉक से शुरू होकर इस रास्ते से होता हुआ नाना एन्क्लेव पर खत्म हुआ है!
पर नाना एन्क्लेव में तो कुछ भी नहीं है! वह पूरा एरिया अभी अंडर कंस्ट्रक्शन है!
सिवाय एक बिल्डिंग के! फ्यूचर एग्जिबिशन कॉम्प्लेक्स!
NANA ENCLAVE
BANK BLOCK
पर आश्चर्य की बात ये है कि ये पन्द्रह किलोमीटर का रास्ता इस 'कलर-स्ट्रीक' ने सिर्फ डेढ़ मिनट में तय कर लिया है!
और वहां पर इस वक्त निजाम के हीरों की प्रदर्शनी चल रही है जिनकी कीमत पांच सौ करोड़ से भी ज्यादा है!
यू आर करेक्ट!
यह संयोग नहीं हो सकता! मुझे चेक करना ही पड़ेगा!
कई लोगों की नजरें इस समय एक ही जगह पर गड़ी हुई थीं-
'जूमर' पहनकर लियो 'फास्ट-फॉरवर्ड' तो बन गया है!
लेकिन ये देखना अभी बाकी है कि सूट, ठीक से काम करता है भी या नहीं! और ये टेस्टिंग बस शुरू होने ही वाली है!
सूची और लंबी हो रही थी-
जूमर जब भी ऐक्टिवेट होता है तो एक खास तरह की 'गामा रेज' छोड़ता है! सेटेलाइट इमेजिंग और राजनगर के मैप की मदद से मैं पता कर सकता हूं कि फास्ट फॉरवर्ड किस वक्त कहां पर था!
मुझे फास्ट फॉरवर्ड यानी लियो से जूमर चाहिए और हर कीमत पर चाहिए!

नाना एन्क्लेव- फ्यूचर एग्जिबिशन हॉल-
चोरी! हमारे यहां? हा हा हा! बुरा मत मानना, ध्रुव, लेकिन यहां पर तो अगर तुम भी चाहो तो एग्जिबिशन में रखे हीरे लेकर बाहर नहीं आ सकते!
आर यू श्योर?
तुमको यकीन नहीं आ रहा है! आओ, मैं तुमको सिक्युरिटी के इंतजाम दिखाता हूं!
देखो, ये एग्जिबिशन हॉल में जाने का एकमात्र रास्ता है। और इसके चप्पे-चप्पे पर आर्म्ड गार्ड्स तैनात हैं जिनको एक वॉर्निंग देने के बाद शूट कर देने के ऑर्डर हैं!
कॉरीडोर के दोनों तरफ स्टील डोर्स हैं जो अलार्म बजते ही एक सेकंड में बंद हो जाते हैं!
और फिर इस ऑब्सटेकल सेंट्री को पार करने के बाद आता है...
... मेन एग्जिबिशन हॉल!
पर... पर...
यहां पर तो हीरे हैं ही नहीं!
हैं न!
ये देखो!
अरे! अभी हीरे नहीं थे, अभी आ गए!
पर कैसे?

ये असली हीरे नहीं हैं ध्रुव! ये हीरों के थ्री डी हाई-डेन्सिटी प्रोजेक्शन हैं जो बिल्कुल असली हीरों जैसे दिखते हैं!
तो फिर, असली हीरे कहां हैं?
यहां! हमारे थ्री डी प्रोजेक्शन सेंटर में! अब जब किसी को पता ही नहीं है कि हीरे कहां हैं तो फिर उनको चुराएगा कौन?
मैं!
ये कौन बोला?
अरे!
कवर? अपने आप उठ रहा है!
हीरे गायब हो रहे हैं!
थैंक्स! मैं आधे घंटे से यही सोच रहा था कि हीरे कैसे उठाऊं!
दिस इज माई लकी डे!
कौन हो तुम?
फास्ट फॉरवर्ड!
बाय!
ओफ्! ये मैंने क्या कर दिया?
KEEP OUT
ये मेरी वजह से हुआ है! और इस वजह को सुधारूंगा भी मैं ही!
रुक जाओ!

अरे! कहां गया?
कौन सर?
इधर कोई... हेलमेट पहने आदमी आया था दौड़ता हुआ?
नहीं सर! वैसे भी अलार्म बजने के बाद हम सभी एलर्ट हैं! इधर कोई नहीं आया! नीचे या बाहर जाने के भी सारे रास्ते बंद हैं! अब यहां से कोई भी बाहर नहीं जा सकता!
नीचे नहीं जा सकता!
पर ऊपर तो जा सकता है न?
सिर्फ छत पर सर! बीच से बाहर कूदने का कोई रास्ता नहीं है!
ध्रुव को छत तक का रास्ता पार करने में -
कुछ ही सेकंड्स का वक्त लगा-
और उसकी सोच सही साबित हो गई-
अब यहां से कहां जाओगे फास्ट फॉरवर्ड? उड़ तुम सकते नहीं, और नीचे कूदे तो हड्डी-पसली एक हो जाएगी!
हड्डी-पसली तो तब टूटेगी...
FF

जब मैं जमीन से टकराऊंगा।
ओ गॉड! ये क्या चीज है? पर मुझे इसका पीछा तो करना ही होगा!
अब तक गार्ड्स भी मेन डोर से बाहर आ चुके थे-
और उनके पास शूटिंग ऑर्डर भी थे-
भाग! कितनी तेज भागेगा?
क्या गोलियों से भी तेज भाग पाएगा?
गोलियां फास्ट फॉरवर्ड की तरफ लपकीं-
टर्बो पॉवर!
FF

ओ गॉड!
ये नहीं हो सकता!
इसकी स्पीड अचानक तेज हो गई है!
बहुत तेज!
" इतनी तेज कि ये गोलियों से भी तेज भाग रहा है-"
गोलियां जल्दी ही पीछे छूट गईं-
इसकी स्पीड तो बहुत तेज है! पर कैसे? कोई भी इंसान गोलियों से भी तेज कैसे भाग सकता है?
इसको पकड़ पाना आसान काम नहीं होगा!
लेकिन मुझे कोशिश तो करनी ही है! आज श्वेता के बनाए स्केट्स और इनमें लगे बूस्टर्स को आजमाने का समय आ गया है!

ध्रुव के लिए काम थोड़ा आसान होने वाला था-
ओsss ह! फास्ट फॉरवर्ड की स्पीड कम हो रही है! टर्बो पॉवर का प्रयोग करना एनर्जी को बहुत तेजी से खत्म करता है! टर्बो पॉवर का यूज सोच-समझ कर करना होगा!
POWER LOW
करीम! एग्जीबिशन से हीरे चोरी हो गए हैं! इस एरिया के सभी कैमरों पर नजर रखो! हीरे चुराने वाले फास्ट फॉरवर्ड का हुलिया मैं बताता हूं!
उसको ढूंढो और उसके जाने की दिशा मुझे लगातार बताते रहो!
ध्रुव, फास्ट फॉरवर्ड का हुलिया बताता चला गया-
और करीम को उसे ढूंढने में ज्यादा वक्त नहीं लगा-
मिल गया कैप्टन! पर कैमरा सिर्फ उसकी स्पीड लाइंस ही पकड़ पा रहा है! अभी-अभी वह प्रेमनगर क्रॉसिंग से गुजरा है!
और अब वह... अत्रे रोड से राजा फ्लाई ओवर जा रहा है!
गुड! वह लंबे रास्ते से जा रहा है! पर मुझे राजा फ्लाई ओवर तक पहुंचने का शॉर्टकट पता है!

फास्ट फॉरवर्ड शायद ध्रुव से कहीं ज्यादा तेज था-
या शायद ध्रुव का दिमाग उससे ज्यादा तेज था-
हैलो, फास्ट फॉरवर्ड! या अब तुम्हारा नाम बदलकर 'स्लो रिवाइंड' कर दिया जाए!
ध्रुव!
तुम... तुमको कैसे पता चला कि मैं यहां से गुजरूंगा?
और... और तुम मुझसे पहले यहां तक कैसे पहुंच गए?
दिमाग पैरों से ज्यादा तेज दौड़ता है फास्ट फॉरवर्ड!
वैसे थोड़ा क्रेडिट मैं अपने रोलर-स्केट्स बूस्टर्स को भी दूंगा!
अब ये हीरे मेरे हवाले कर दो और अपने आपको कानून के हवाले!
पर उससे पहले मैं ये जरूर सुनना चाहूंगा कि तुम हो कौन और ये अद्भुत स्पीड तुमने पाई कैसे?
इतनी तेज कि अभी तुमने मुझे पकड़ा भी नहीं और ख्यालों में ही कानून के हवाले भी कर दिया!
तुम्हारी सोच वाकई बहुत तेज है ध्रुव!
थैंक्यू!
वैसे मैं फास्ट फॉरवर्ड यानी अपने बारे में तुमको जरूर बताऊंगा...
10

धम्म
धाड़
लेकिन उसके लिए तुमको होश में रहना पड़ेगा!
क्योंकि मैं दो सेकंड में तुम पर इतने वार करूंगा...
ताड़
धड़ाक
... जितने कि तुमने शायद एक साल में भी नहीं खाए होंगे!
एक साल? ... अह! इतने वार तो मैंने जिन्दगी भर में नहीं खाए होंगे! इसकी स्पीड सिर्फ दौड़ने में ही नहीं, दूसरे कामों में भी अविश्वसनीय है!
और ये ऐसी शक्ति को चोरी के लिए इस्तेमाल कर रहा है! विश्वास नहीं होता! इसका मकसद कुछ और ही है!
और वह मकसद क्या है, यह मुझको जानना ही होगा!
कमाल है! तू अभी भी होश में है!
अब तो तुझ पर अपनी वह शक्ति आजमानी ही होगी!

फास्ट फॉरवर्ड के इस निर्णय से कहीं पर किसी की भवें सिकुड़ गई थीं-
टर्बो स्पीड का एक बार फिर प्रयोग करना पड़ेगा!
टर्बो पॉवर! एक बार फिर? क्या मैं इसका ये निर्णय बदलूं?
पर ध्रुव को रास्ते से हटाना भी जरूरी है! ये खतरा बन सकता है!
टर्बो पॉवर के वारों में स्पीड भी ज्यादा थी-
तड़ाक
धड़ाक
दम भी ज्यादा था-
और असर भी ज्यादा था-
पर ध्रुव पर ये असर उल्टा ही हो रहा था-
तू... तू इतना पिटकर भी मुस्कुरा रहा है!
क्यों? क्यों?
क्योंकि मैं चाहता हूं कि तुम इतनी तेजी से वार करो, जिनसे न तो मैं बच पाऊं...
... और जिनको न तो तुम रोक पाओ!
क्योंकि जितनी तेजी से तुम्हारे हाथ चलेंगे...
... उतना ही ये 'स्टार लाइन' का गुच्छा तुम्हारे हाथों से उलझता जाएगा...

अब देखो मेरे हाथों की स्पीड!
और अब ये हाथ तभी रुकेंगे जब तुम्हारी जुबान चलनी शुरू होगी!
वैसे, मुझे तुम्हारी शक्ल देखी-देखी सी क्यों लग रही है?
घड़घड़
आऽऽऽह! रुक जाओ!
मेरी शक्ल तुमको देखी हुई इसलिए लग रही है क्योंकि...
... आर्घघघ!
गूंऽऽऽ गूंऽऽऽ
अरे! एकाएक तुम्हारी आवाज को क्या हो गया?
मैंने बंद कर दी है! अभी इस मूर्ख का राज खुलने का समय नहीं आया है...
पर ये ध्रुव बड़ी विकट चीज है! फास्ट फॉरवर्ड की ताकत को ही इसकी कमजोरी बना दिया! पर मेरे पास इसका इलाज भी है!
भाग!
VOICE CUT
ओऽऽऽह! मैं इसके हाथों को बांधकर ही रुक गया! जबकि मुझे पहले इसके पैर बांधने चाहिए थे!
पर अब इसकी स्पीड पहले से काफी कम है! मैं पूरी ताकत लगाकर इसका पीछा कर सकता हूं!
शायद ऐसा इसकी एनर्जी का लेवल कम होने के कारण हो रहा है!
पर फास्ट फॉरवर्ड का पीछा कर पाना इतना आसान नहीं था-
वोऊ! वोऊ! वोऊ!
ये क्या?

ओफ़! इसने अपने हाथों को काफी हद तक स्टार लाइन से आज़ाद कर लिया है! और अब यह रास्ते में मिलने वाली हर चीज को मेरी तरफ फेंककर मेरी पीछा करने की गति को धीमा कर रहा है!
ऐसे तो यह भी मेरे हाथों से बचकर निकल जाएगा और हीरे भी!
पर मैं ऐसा नहीं होने दूंगा! अगर ये मेरी गति को धीमा कर रहा है...
... तो मुझे भी इसकी गति पर अंकुश लगाना होगा!
आऊ!
रेत!
तेरी किस्मत बड़ी तेज है ध्रुव, जो तुझे रेत से लदा ट्रक चांस से मिल गया!
चांस नहीं! मुझे पता था कि रात के इस वक्त ट्रकों का मूवमेंट काफी बढ़ जाता है! और इनमें से कई ट्रकों में बिल्डिंग मैटीरियल लदा होता है!
अब ये रेस यहीं खत्म होती है!

और इसमें जीतने वाले को मिलते हैं... पांच सौ करोड़ के हीरे!
स्पीड में फास्ट फॉरवर्ड से कोई नहीं जीत सकता!
तूने सीधे भागने वाली मेरी स्पीड के रास्ते में रुकावटें तो खड़ी कर लीं...
... लेकिन स्पीड का मतलब सिर्फ सीधे भागना ही नहीं...
... गोल घूमना भी होता है!
फास्ट फॉरवर्ड का शरीर प्लेन के प्रोपेलर से भी दस गुना ज्यादा स्पीड से घूम रहा था-
और रेत का पहाड़ अपनी जगह से उड़कर ध्रुव के ऊपर गिर रहा था-
देख! ये रेस आखिरकार मैं ही जीता! तू फास्ट फॉरवर्ड की रंगुलर स्पीड के सामने टिक नहीं पाया!
अब ला! हीरे मुझे दे दे! वर्ना तेरे चेहरे को भी इसी रेत में दफन कर दूंगा!
तुमने अपने आपको ही हरा लिया है, फॉस्ट फॉरवर्ड! क्योंकि हीरों से भरी थैली मेरे हाथ से छूटकर रेत के इस पहाड़ में कहीं गुम हो गई है!
अब उसे ढूंढ सकते हो तो ढूंढ लो!
लो! अब पुलिस फोर्स भी तुम्हारी मदद के लिए आ रही है!
हीरे मिलें या न मिलें...
... पर मुझे अब यहां से जाना होगा!
अब भागना इतना आसान नहीं होगा, फॉस्ट फॉरवर्ड! क्योंकि इस बार पुलिस फोर्स की तादाद भी ज्यादा होगी और उनका पूरा ध्यान भी तुम पर होगा!

तो फिर मुझे उनका ध्यान हटाना होगा !
अब क्या करेगा ये ?
ओ गॉड ! ये तो तेज चलते ट्रैफिक के बीच में पहुंच गया है !
पीईईईई
तेज चलते ट्रैफिक के बीचोबीच इधर-उधर भागते फास्ट फॉरवर्ड को तो गाड़ियों की हवा भी नहीं छू पाई-
लेकिन गाड़ियों की किस्मत इतनी अच्छी नहीं थी-
कुछ ही मिनटों में राजनगर की उस हाईवे पर शायद दुनिया का सबसे विशाल ट्रैफिक एक्सीडेंट हो चुका था-
और अब पुलिस अपना ध्यान-
फास्ट फॉरवर्ड से हटाने पर मजबूर हो गई थी-
ओफ् ! अब मैं इसका पीछा नहीं कर सकता !
लेकिन ध्रुव का ध्यान उसके नाम की तरह ही अटल था-

करीम, पूरे शहर के कैमरे ऑन कर दो और उन पर फास्ट फॉरवर्ड के लिए नजर रखो! और शहर के हर कोने में तैनात कमांडोज को भी तैनात कर दो! जहां पर कैमरे की नजर न हो वहां पर उनको नजर रखनी होगी!
और उनका फोकस सिर्फ एक चीज पर होगा! फास्ट फॉरवर्ड पर!
वह कौन है, इसका पता तभी लग सकता है जब ये पता चले कि वह आता कहां पर है! रहता कहां पर है! तभी इसका मकसद भी पता चल सकता है!
मैं अपने दोस्त पशु-पक्षियों को भी इस काम पर लगा रहा हूं!
ओ. के. कैप्टेन!
ध्रुव की इन सैकड़ों आंखों के साथ-साथ-
दो आंखें और भी थीं जो फास्ट फॉरवर्ड को तलाश कर रही थीं-
एट लास्ट! इतना दौड़ने के बाद मेरी मेहनत सफल हुई! अब मैं उस स्थान पर पहले से मौजूद हूं जिस तरफ फॉस्ट फॉरवर्ड बढ़ रहा है!
अब 'जूमर सूट' एक बार फिर मेरे पास होगा!
मेरे पास!
पर फॉस्ट फॉरवर्ड का काम अभी तो सिर्फ शुरू हुआ था-
गड़बड़ हो रही है! और वह सिर्फ इसलिए क्योंकि मैं पूरी तरह से फास्ट फॉरवर्ड को कंट्रोल नहीं कर पा रहा हूं!
और अभी असली काम तो बचा ही हुआ है! इसको वापस बुलाना होगा! ताकि मुझे थोड़ा और समय मिल सके!
फॉस्ट फॉरवर्ड का वापस आ पाना इतना आसान नहीं था-
?

बस फास्ट फॉरवर्ड! ये 'ज़ूमर सूट' तेरे लिए नहीं है! इसे मुझे दे दे!
वर्ना अगर मैं जबरदस्ती करूंगा तो तेरी खाल भी इसके साथ खिंच आएगी!
तुम!
तुम तो पहले भी मुझसे ये सूट छीनने की कोशिश कर चुके हो!
STONE QUERRY
KEED WAY
इस बार कोशिश नहीं, पक्का काम करूंगा! क्योंकि पिछली बार मैं तैयार नहीं था!
पर इस बार मैं पूरी तैयारी के साथ आया हूं!
पर... पर तू है कौन?
ये भी तुमको पता चल जाएगा! ज़ूमर सूट मेरे हाथ में आने के बाद!
ओ हेल! ये तो! ये यहां कैसे पहुंच गया? इसके पास वह क्षमता है जो फास्ट फॉरवर्ड को फिर से लिंपी बना सकती है! फास्ट फॉरवर्ड को फिर से 'मेंटल इंस्ट्रक्शन' देनी होंगी!
और ये तेरी स्पीड को मैच कर सकते हैं!
तेरी पकड़ मजबूत ज़रूर है! पर देखते हैं कि ये कितनी देर तक मुझे पकड़े रख पाती है!
इंस्ट्रक्शंस मिलीं-
और फास्ट फॉरवर्ड की घबराहट आत्मविश्वास में तब्दील होने लगी-
तुम्हें शायद याद नहीं है कि पिछली बार जब हम मिले थे तो मैं फास्ट फॉरवर्ड नहीं था! और तब भी तू मुझे रोक नहीं पाया था!
मुझे इसके शरीर से ज़ूमर उतारने के लिए इसको बेहोश करना पड़ेगा!
ताकि इसका संपर्क उस शख्स से कट जाए जो इसको कंट्रोल कर रहा है!
ओ गॉड! वायब्रो वेव्स!
उस वक्त मेरे पास तेरी स्पीड को मैच करने लायक गैजेट नहीं थे! पर अब मेरे पास भी टर्बो स्पीड रोबोटिक आर्म्स हैं!
पर फास्ट फॉरवर्ड के पास इन वारों से बचने की इंस्ट्रक्शन्स भी पहुंच रही थीं-

आऽऽऽह! ये 'वाइब्रो वेव्स' मेरे शरीर के साथ-साथ मेरे 'रोबोटिक अटैचमेंट्स' में भी तेज वायब्रेशन पैदा कर रही हैं!
अगर मैंने इसको नहीं छोड़ा तो 'रोबोटिक आर्म' के पुर्जे इधर-उधर बिखर जाएंगे!
मुझे इसको रोकना ही होगा!
और इसको छोड़ते ही ये मुझे नगाड़े की तरह बजा डालेगा!
पर मेरे पास एक दूसरा इलाज भी है!
ये सुपर गम! ये इसके पैरों से चिपक कर इसकी स्पीड को कम कर देगा!
पर मेरी रोबोटिक लेग्स इससे बची रहेगी, क्योंकि उन पर पहले से ही अल्ट्रा ग्रीस की पर्त चढ़ी है! कोई भी ग्लू इन पर चिपक नहीं सकता!
पलड़ा कभी इधर झुक रहा था और कभी उधर-
पर अब तराजू के संतुलित होने का वक्त आ रहा था-
करीम! क्या रिपोर्ट है?
फास्ट फॉरवर्ड को पन्द्रह अलग-अलग जगहों पर देखा गया है! पर उसका कोई फिक्स पैटर्न नहीं है। नौ कैंडेट्स उसकी रिपोर्ट कर चुके हैं! पर अब तक... एक मिनट! विक्रम का मैसेज आ रहा है!

व्हाट? आर यू श्योर!
यस कमांडो करीम सर! आई एम पॉजिटिव!
तेरा पॉजिटिव, नेगेटिव पता करना ही मुश्किल है! पर कैप्टन को रिपोर्ट तो देनी ही पड़ेगी!
यस कैप्टेन! कैडेट विक्रम के अनुसार फास्ट फॉरवर्ड के हुलिए वाले शख्स को विजय स्टोन क्रशर की साइट पर देखा गया है!
पर ध्यान रखना, ये कैडेट विक्रम की रिपोर्ट है!
मुझे कैडेट विक्रम पर भरोसा है करीम!
उसकी रिपोर्ट सही होगी!
आई विल चेक!
रिपोर्ट सही तो थी! पर विक्रम एक बात बताना भूल गया था-
स्टोन क्रशर पर एक नहीं, दो शख्स मौजूद थे-
तुझे शायद पता नहीं है कि इन जूतों में लांग स्पाइक्स भी हैं! और नुकीली नोक पर ग्लू नहीं चिपकता!
और पलड़ा एक बार फिर दूसरी तरफ झुक रहा था-
अब मैं तुझे फास्ट फॉरवर्ड से उलझने का नतीजा दिखाऊंगा!
वाइब्रो वेव्स एक बार फिर बहने लगीं-
और उस अजनबी का पूरा शरीर एक बार फिर थरथराने लगा-
घर्र्र्र्र्र्र्र्र
लेकिन जीत के नशे में फास्ट फॉरवर्ड यह नहीं देख रहा था कि -

हार उसकी तरफ बढ़ रही थी-
आऽऽऽह!
ये क्या हो रहा है? जूमर सूट के कंप्यूटराइज्ड सर्किट को कोई दूसरा प्रोग्राम जाम कर रहा है!
और मैं यहां बैठा कुछ भी नहीं कर सकता! ओफ़! मेरा पूरा ऑपरेशन चौपट हो जाएगा!
अब सिर्फ एक ही चीज मेरी मदद कर सकती है!... किस्मत!
किस्मत!
कभी-कभी किस्मत शैतान का भी साथ दे देती है-
आहा! फास्ट फॉरवर्ड किसी से उलझा हुआ है! वह शायद फास्ट फॉरवर्ड की शक्तियां खींच रहा है! ये समझना मुश्किल है कि यहां पर क्या हो रहा है...
... पर ये तो पक्का है कि इस रहस्यमय शख्स का मकसद जानने तक...
... मुझे इसको फास्ट फॉरवर्ड की शक्तियां पाने से रोकना होगा!
आऽऽऽह! कौन?
तुम? तुम तो क्राइम फाइटर हो! क्या नाम है तुम्हारा... हां... ध्रुव!
तुम तो मेरा नाम भी जानते हो, और काम भी!
अब पहले फास्ट फॉरवर्ड को मेरे हवाले करो! क्योंकि इसको पुलिस कस्टडी में जाना है!
और फिर ये बताओ कि तुम कौन हो, और तुम्हारा फास्ट फॉरवर्ड से क्या संबंध है?

STONE
चले जाओ यहां से! यहां पर जो कुछ भी हो रहा है, इससे तुम्हारा कोई मतलब नहीं है, बस मुझे फास्ट फॉरवर्ड का ये जूमर सूट चाहिए! और उसके बाद मैं अपने रास्ते चला जाऊंगा!
ये असंभव है! फास्ट फॉरवर्ड एक अपराधी है, और अपराध में मदद देने वाला ये सूट एक सबूत है! यह तुम्हारे पास नहीं पुलिस के पास जाएगा!
अब ये बताओ कि तुम कौन हो? मैं तीसरी बार ये बात नहीं पूछूंगा!
वैसे तो मेरा नाम कुछ और है! लेकिन तुम्हारे लिए मैं...
...तुम्हारी मौत हूं!
बच गया!
वक्त कम है! इससे पहले कि फास्ट फॉरवर्ड होश में आए मुझे सूट को उतार लेना होगा!
और इसके लिए मुझे ध्रुव पर जल्द से जल्द काबू पाना होगा!
और मेरे लिए...
...ये कोई मुश्किल काम नहीं होना चाहिए!
ओफ्! ये तो उड़ भी सकता है!
जेट बूस्टर! और तुम इसकी स्पीड का मुकाबला नहीं कर सकते!
ओ गॉड! तुम्हारी स्पीड तो सचमुच जेट प्लेन को मैच कर सकती है! पर एक चीज ऐसी है कि जिससे जेट प्लेन को भी डरना चाहिए! और वह चीज है...
शूंऽऽऽऽऽऽ

बर्ड-हिट!
चीं चिंचिं चीं!
आऊं!
व्हाट द हेल!
ये बर्ड्स कहां से आ गईं?
ये बर्ड्स ज्यादा देर तक मुझे तंग नहीं कर पाएंगी!
और इन बर्ड्स के बाद तंग न कर पाने की बारी तेरी होगी!
सच में?
हैं? मैं आगे क्यों नहीं बढ़ पा रहा हूं?
धड़ाक
मैं... मैं तो बंधा हूं!
तूने... तूने मुझे कब बांधा?
जब तुम बर्ड-हिट से निपट रहे थे!
ओह! ओवर लोड के कारण इंजन जाम हो गए हैं!
मैं उड़ नहीं सकता!
यानी अब ये लड़ाई जमीन पर ही होगी!
और तेरी कब्र भी...
फट ठठ

... यहीं पर
बनेगी !
धड़ाक
ओफ् !
इसकी रोबोटिक आर्म का कोई न कोई इलाज निकालना पड़ेगा !
अरे ! ये आवाज एकाएक कहां से आने लगी ?
धम्म
धम्म
STONE CRUSHER
समझ गया !
मैं भी समझ गया कि तू क्या करना चाहता है ! पर तुझे...
... इसका मौका नहीं मिलेगा !
ओफ् !
ब्लाइंडिंग फ्लैश लाईट्स !
यस ! ये 'सन' जितनी चमक पैदा करता है !
अब जब तू मुझे देख नहीं सकता तो मुझ पर अपना प्लान कैसे आजमाएगा ?
ये सही कह रहा है ! मैं इसको देख नहीं सकता ! आंखें सामान्य होने में वक्त लगेगा !
मैं इसको नहीं ढूंढ सकता ! पर ये तो मुझे ढूंढ सकता है ना !
और आवाज के सहारे मैं...
धम्म

ध्रुव ने बहुत बड़ा रिस्क लिया था! हैमर के हर बार गिरने के बीच में सिर्फ एक सेकेंड का गैप था-
और ध्रुव इस वक्त सिर्फ सुन सकता था-
पर वह ध्रुव ही क्या जो रिस्क न ले-
एक सेकंड के अंदर ध्रुव का शरीर हैमर कैबिन को पार कर चुका था-
और उसके साथ-साथ स्टार लाइन में लिपटी उस अजनबी की 'रोबोट आर्म' खिंच गई थी-
पर वह 'आर्म' हैमर केबिन को पार नहीं कर पाई थी-
और एक सेकंड का गैप गुजर चुका था-! अब हैमर के एक बार फिर नीचे गिरने का समय हो गया था-
धम्म
और उसी पल हैमर मशीन भी बंद हो गई-
मेरी रोबोट आर्म हैमर के नीचे दब गई है!
गुड ऑबजर्वेशन!
अब बताओ कि तुम कौन हो? वर्ना इस हैमर के नीचे तुम्हारी रोबोट आर्म नहीं असली आर्म होगी!
धाड़
मुझे धमकी मत दो! मेरे पास अभी भी ऐसे कई तरीके हैं जो तुमसे भी निपट सकते हैं और फास्ट फॉरवर्ड से भी...
...अरे!

फास्ट फॉरवर्ड तो भाग गया!
क्या?
उसे मेरी उम्मीद से ज्यादा जल्दी होश आ गया! और... और ये सब तुम्हारी वजह से हुआ है!
अब...अब मुझे दूसरा मौका शायद न मिले!
अब वह 'जूमर सूट' की पॉवर्स को 'नेक्स्ट लेवल' पर ले आएगा!
कौन?
फास्ट फॉरवर्ड?
नहीं! वह जिसके इशारे पर फास्ट फॉरवर्ड नाच रहा है!
यानी... इसमें कोई तीसरा शख्स भी मौजूद है! लेकिन फिर तुम कौन हो?
पहले मुझे इस कैद से तो आजाद करो!
फिर मैं तुमको पूरी बात समझाता हूं!
शायद तुमसे दोस्ती करने में मेरा ज्यादा फायदा हो!
आऽऽऽह! थैंक्स! मेरा नाम फ्यूरो पजेरो है!
फ्यूरो पजेरो! वो ब्रिलिअंट साइंटिस्ट जिनको पिछले साल फिजिक्स का नॉबल प्राईज मिलते-मिलते रह गया!
यस, यस! पॉलिटिक्स!
आप... आप वो ग्रेट साइंटिस्ट हैं!
हां! पर यही खूबी मेरी दुश्मन बन गई है! मैंने अपने जीवन में कई आविष्कार किए! कई दुनिया के सामने आए, और कई नहीं आए!
क्योंकि वे आविष्कार विनाशकारी सिद्ध हो सकते थे!
उनमें से ही एक आविष्कार था... जूमर सूट!
जो पहनने वालों को अद्भुत गति से चलने की क्षमता दे सकता था!
यानी... जूमर सूट आपका आविष्कार है!
हां! इस सूट में लगे स्पेशल मॉलिक्यूलर कंवर्टर पैरों के अणुओं को अलग करके मनचाही गति दे सकते हैं!
पर उसके लिए यह जरूरी है कि उन अणुओं का संपर्क दिमाग से कटा हो, ताकि उनको कमांड्स जूमर सूट से ही मिले! और ऐसा सिर्फ पोलियो-ग्रस्त लोगों में ही संभव है! क्योंकि उनके पैरों का दिमाग से कोई सीधा संपर्क नहीं होता!
ये तो अच्छी बात है! पोलियो ग्रस्त बच्चों के लिए तो ये आविष्कार वरदान है!
हां! पर बाद में मुझे पता चला कि मॉलिक्यूलर कन्वर्जन सिर्फ पैरों पर ही नहीं रुकता! धीरे-धीरे पूरे शरीर के अणु अलग हो जाते हैं! इंसान, इंसान नहीं रहता!

वह ज़ूमर सूट का गुलाम बन जाता है। और अगर उस ज़ूमर सूट में एक छोटी सी 'चिप' फिट कर दी जाए तो दूर बैठकर पूरे ज़ूमर सूट को कंट्रोल किया जा सकता है! और इसके साथ-साथ ज़ूमर सूट पहनने वाले को भी!
यहां तक कि ज़ूमर सूट के माध्यम से ज़ूमर सूट पहनने वाले के दिमाग को भी कंट्रोल किया जा सकता है!
जैसे कि वह कोई जीता-जागता इंसान न होकर वीडियो गेम्स का कैरेक्टर हो!
इग्ज़ैक्टली! फास्ट फॉरवर्ड अब वही बनता जा रहा है!
पर इस कैरेक्टर से गेम खेलने वाला है कौन?
किलबिल!
ये नाम तो मैंने पहले कभी नहीं सुना!
इस दुनिया का ऑल टाइम ग्रेट कॉन्ट्रैक्ट किलर!
किसी ने नहीं सुना है! न ही उसकी शक्ल देखी है! अपनी शक्ल देखने वाले को वह मौत के घाट उतार देता है!
उसका जिक्र मैंने तब सुना जब उसने मेरा 'ज़ूमर सूट' चुराया...
... मेरी 'डिस्कार्डेड इन्वेन्शंस' की लैब में गुप्त कैमरे लगे हैं! वे हैट की वजह से उसकी फोटो तो नहीं उतार पाए, पर चोरी के दौरान वह अपना पूरा प्लॉन बड़बड़ाता जा रहा था! और वह आवाज मेरे रिकॉर्डर्स में कैद हो गई!
उसके अनुसार किलबिल को इंडिया में कोई बड़ा कॉन्ट्रैक्ट पूरा करने के लिए ज़ूमर सूट की जरूरत थी!
वॉयस रिकॉर्डर में छोड़े गए हिंट्स का पीछा करते-करते मैं इंडिया आ गया!
क्योंकि मैं नहीं चाहता था कि मेरे आविष्कार का प्रयोग किसी विनाश के लिए हो!
अब फास्ट फॉरवर्ड किलबिल के हाथ की कठ-पुतली बन चुका है!
फास्ट फॉरवर्ड को रोकना है तो किलबिल को ढूंढना होगा!
पर किलबिल मिलेगा कहां?
आखिरी बार मैंने उसको एक एन. जी. ओ. आत्मबल में देखा था! जहां का सदस्य लियो अब फास्ट फॉरवर्ड बना हुआ है!
ओहो! तभी मुझे इसकी शक्ल जानी-पहचानी लग रही थी!
आत्मबल में गोली-बारी भी हुई है! उसके संस्थापक मास्टर जी अस्पताल में हैं! शायद वे लियो और उसके ठिकानों के बारे में कुछ बता सकें!
पर एक बात तो बताइए पजेरो! आप अगर मुझे पहले बता देते कि आप कोई विलेन नहीं, सूट के आविष्कारक हैं तो हममें झगड़ा नहीं होता!
सूट की बात मैं गुप्त रखना चाहता हूं! एक बार अगर ये बात उड़ गई या पुलिस तक पहुंच गई तो मीडिया तक भी पहुंचेगी!
और फिर हर बुरा आदमी इस सूट को पाना चाहेगा!
एक ऐसा विनाश फैलेगा जिसका कोई सानी नहीं होगा, और उसका जिम्मेदार मैं होऊंगा!

"अभी तो इस बात को यहीं दबाया जा सकता है-"
"किलबिल को ढूंढकर या फिर लियो को ढूंढकर-"
लियो अनाथ है ध्रुव! भाई- बहन या रिश्तेदार यहां तक कि कोई दोस्त भी नहीं है उसका!
पर एक बात जरूर है! वह मुझे फोन जरूर करता रहता है! चाहे वह कहीं भी हो! क्योंकि बगैर मेरी आवाज सुने उसको चैन नहीं पड़ता!
बहुत प्यार जो करता है वह मुझसे!
सुबुक!
हौंसला रखिए मास्टर जी...
ये फोन!
कहीं ये लियो का तो नहीं है!
स्पीकर ऑन करके बात करिए मास्टर जी!
मैं फास्ट फॉरवर्ड!
लियो!
तू लियो है!
कहां है तू?
अभी तक इसी दुनिया में हूं! पर आज के बाद रहूं या नहीं, इसका गम नहीं!
क्योंकि आज मैं इस सिस्टम के सिर को काटने जा रहा हूं!
बस! यही बताना था!
लियो! लियो, मेरी बात सुन...
... कट गया फोन!
ध्रुव! मेरे सेंसर जूमर सूट से निकले रेडिएशन्स को पकड़ सकते हैं! और इन रेडिएशन्स की पोजीशन बता रही है कि फास्ट फॉरवर्ड आस-पास ही है!
मेरे बच्चे को बचा लो! बचा लो!
आप तो बहुत बड़े साइंटिस्ट हैं! लियो को आपके आविष्कार ने ही फास्ट फॉरवर्ड बनाया है! आपका ज्ञान ही उसको इस पाप के दलदल से निकाल सकता है! कुछ कीजिए सर! कुछ कीजिए!
घबराइए मत मास्टर जी! मैं हिन्दुस्तान खाली हाथ नहीं आया! हूं! मेरे पास ऐसे कई गैजेट हैं जो फास्ट फॉरवर्ड को रिवाइंड कर सकते हैं!
और फिर-
ठीक है पजेरो!
जब तक आप अपने यंत्रों को लाते हैं, तब तक मैं लियो को अपने तरीके से ढूंढता हूं!

बेस्ट ऑफ लक ध्रुव! मैं जल्दी ही तुमसे संपर्क करूंगा! याद रखना, तुम्हारी सफलता में ही मेरी कामयाबी है!
ध्रुव के दिमाग में अब एक साथ कई सवाल उठ रहे थे-
अब सवाल सिर्फ फास्ट फॉरवर्ड को रोकने का नहीं है बल्कि किलबिल का मकसद जानना भी है! आखिर वह ऐसा कौन सा काम फास्ट फॉरवर्ड से करवा रहा है जो हमारे सिस्टम का सिर काट दे!
और हमारे सिस्टम का सिर आखिर है क्या?
और कहां पर है?
ध्रुव अपने ख्यालों में इतना खोया हुआ था-
कि उसको वह बैरीकेड बहुत देर से दिखा-
ओ गॉड! अभी मैं इससे टकराने वाला था!
पीईईईई
अगर तुम नींद में भी बाइक चला रहे होते तो भी इससे नहीं टकराते! मैं जानता हूं कि तुम कितनी अच्छी बाइक चलाते हो!
इंस्पेक्टर खली!
थैंक्स! पर ये रोड बंद क्यों कर दी गई है!
क्योंकि आज प्राइम-मिनिस्टर राजनगर आ रहे हैं! उनके गुजरने वाले पूरे रूट को बैरीकेड कर दिया है!
जेड कैटेगरी सिक्यूरिटी, यू नो!
जानता हूं कि पब्लिक को इससे खासी तकलीफ होगी! पर पी. एम. की इतनी इज्जत तो देनी ही पड़ेगी!
आफ्टर ऑल वो हमारे हेड ऑफ स्टेट हैं!
हेड ऑफ स्टेट?
हां!
यानी... सिस्टम का सिर!
हां! कह सकते हैं!

थैंक्स खली !
पर किसलिए ? और उधर से जाना मना है! मेरी नौकरी लोगे क्या ?
मेरे पास स्पेशल परीमशन है ! चिन्ता मत करो! नौकरी नहीं जाएगी ! बल्कि मैं तुम्हारी तरक्की की सिफारिश करूंगा पापा से !
STO FOR POLICE
तरक्की ! वाह! पर मैंने ऐसा क्या कह दिया ?
Khali
इंस्पेक्टर खली ने मुझे राह दिखा दी है ! सिस्टम का हेड, हेड ऑफ स्टेट होता है ! यानी प्रधान मंत्री !
फास्ट फॉरवर्ड प्रधान मंत्री को मारने जा रहा है। मुझे उसे रोकना होगा ! हर कीमत पर !
और साथ में पुलिस को भी एलर्ट करना होगा !
फास्ट फॉरवर्ड को रोकने का प्रयास कोई और भी कर रहा था-
ये ' इंप्लोजन बम ' जूमर सूट की काट साबित हो सकता है !
मुझे ऐसी ही किसी चीज़ की तलाश थी ! और मुझे पता था कि ऐसी कोई चीज़ तुम्हारे पास जरूर मिलेगी !
ये ' हाई एनर्जी ब्लास्ट्स ' छोड़ता है ! और इसे अगर हाई पॉवर पर सेट कर दिया जाए तो ये आधे किलोमीटर का एरिया तबाह कर सकता है !
पर ' लो पॉवर ' पर फिक्स करने से ये सिर्फ वहीं असर करेगा जहां पर ये फटेगा ! यानी अगर ये जूमर सूट के पास फटेगा तो सूट की सारी एनर्जी सोख लेगा !
और ' जूमर सूट ' इतना मजबूत है कि लियो को कोई खास नुकसान नहीं पहुंचेगा !
इसीलिए मैं तुम्हारे पीछे लगा हुआ था ! और वो चीज़ मुझे मिल गई !
फास्ट फॉरवर्ड !
तुम्हारा यह आविष्कार !
ता
शाबाश ! अब हमारा अगला कदम उठेगा !
और पी. एम. को कुचल दिया जाएगा !

पर पी. एम. और किलबिल के अगले कदम के बीच में कई लोग थे-
पर ध्रुव की इन्फॉर्मेशन कभी गलत नहीं होती! अब हम क्या करें?
सिर्फ ध्रुव के कहने पर हम प्राइम मिनिस्टर की विजिट कैंसल नहीं कर सकते!
हमारे पास ऐसी कोई इंटेलिजेंस रिपोर्ट नहीं है जो प्राइम मिनिस्टर पर खतरा बताती हो!
जबान बंद रखो और सिक्योरिटी डबल कर दो!
अब देश की इज्जत ध्रुव के हाथों में थी-
फास्ट फॉरवर्ड को रोकने का एक ही तरीका है, पीटर!
उससे ज्यादा तेज भागना!
पर ये तो असंभव है! और मिस्टर पजेरो के अनुसार उसकी शक्तियां बढ़ गई होंगी!
पैर कितना भी तेज भागें, दिमाग से ज्यादा तेज नहीं भाग सकता!
शायद उनको लियो की नई हरकत का सदमा लगा है!
ओफ! अब कौन सी बुरी खबर सुननी है?
ध्रुव!
अब फास्ट फॉरवर्ड जहां पर जाएगा, ध्रुव उससे पहले वहां पर पहुंचेगा!
ध्रुव! अस्पताल से मैसेज आया है! 'आत्मबल' वाले मास्टर जी, अपने बेड पर बेहोशी की हालत में मिले हैं!
उनके बदन पर चोटों के नए निशान भी मिले हैं!
और फिर मैं उसको घेरकर वहां पर लाऊंगा जहां से वह भाग नहीं पाएगा!
डॉक्टरों को भी समझ में नहीं आ रहा है कि ये कैसे हुआ? वे तो दवाइयों से एकदम सही रिस्पांड कर रहे थे!
मिस्टर पजेरो! आपकी ये हालत कैसे हुई?
फास्ट फॉरवर्ड मेरा पीछा करते-करते मेरे होटल रूम तक पहुंच गया था!
उसने मुझे बेहोश कर दिया! सारे गैजेट तोड़ दिए! सिवाए एक गैजेट के!
और उसको वह अपने साथ ले गया है!
क्या है वह गैजेट?
एनर्जी इंप्लोजन बम! एक ऐसा बम जो आसपास के वातावरण की एनर्जी को सोख लेता है!

फिर चाहे वह इलैक्ट्रो मैग्नेटिक एनर्जी हो या फिर बायो एनर्जी !
बायो एनर्जी। यानी जीवित शरीर में रहने वाली ऊर्जा! यानी जान!
बिल्कुल सही !
और इस बम का इस्तेमाल फास्ट फॉरवर्ड प्रधानमंत्री को मारने के लिए करेगा !
व्हाट ! मेरा...मेरा आविष्कार इस काम का साधन बनेगा ! ऐसा नहीं हो सकता ! उसको रोको ध्रुव ! उसको रोको !
वह रुकेगा पजेरो ! मैं अपने देश का न तो सिर कटने दूंगा और न ही नाम !
अब फास्ट फॉरवर्ड जहां भी जाएगा...
"...वह ध्रुव को अपने पीछे नहीं-"
" अपने आगे पाएगा-"
कहां जा रहे हो, फास्ट फॉरवर्ड ?
प्रधानमंत्री को मारने ?
तू ? तुझे ये राज़ की बात कैसे पता चली ?
तुम पी.एम. तक कभी पहुंच नहीं पाओगे ! क्योंकि उन तक पहुंचने के रास्ते पर खड़ा हूँ, ध्रुव !
मैं चाहूं तो तुम जैसे रास्ते के रोड़े को एक सेकेंड में हटा दूं !
पर मेरे पास इतना वक्त नहीं है !
जैसे शिकार को मारने के एक से ज़्यादा तरीके होते हैं, वैसे ही उस तक पहुंचने के भी कई रास्ते होते हैं !

इस दूसरे रास्ते से मुझे...
... दस- बारह किलोमीटर का चक्कर जरूर लगाना पड़ेगा...
... पर इतना चक्कर लगाने में मुझे सिर्फ एक मिनट का वक्त लगेगा...
... और फिर यहां से मैं अपने शिकार के आने वाले रास्ते पर पहुंच...
... जाऊंगा!
ये... ये नहीं हो सकता!
हां, तो तुम पूरी बात सुने बगैर ही चले गए! मैं कह रहा था कि पी.एम. पर हमला करने का इरादा छोड़ दो!
ये... ये असंभव है! तू मुझसे पहले यहां पर नहीं पहुंच सकता!
फास्ट फॉरवर्ड से ज्यादा तेज कोई भाग नहीं सकता! कोई नहीं!
मैं... मैं तीसरे रास्ते से जाऊंगा! और इस बार मैं इस्तेमाल करूंगा अपनी...
... टर्बो पॉवर!
और टर्बो पॉवर की मदद से मैं ये दस किलोमीटर का चक्कर मिनटों में नहीं, बल्कि सेकंडों में तय कर लूंगा!
और इतनी तेज कोई भी नहीं चल सकता!

कोई इंसान तो कतई नहीं...
... फिर चाहे उसका नाम...
... ध्रुव ही क्यों न हो!
बस फास्ट फॉरवर्ड! तुम न मुझसे बचकर भाग सकते हो, न कानून से! अब एक ही रास्ता है!
आत्मसमर्पण कर दो!
हुफ! ये... ये इंसान नहीं हो सकता! सारे अपराधी सही कहते हैं! तुम इंसान के रूप में या तो कोई शैतान हो या फिर... भगवान!
लेकिन अभी एक और रास्ता बचा है! मुझे अपना मिशन तो पूरा करना ही है!
अब तो डबल टर्बो पॉवर का यूज करना ही पड़ेगा! चाहे उसमें मेरी पूरी एनर्जी ही क्यों न खर्च हो जाए!
हुफ! अब मैं दस किलोमीटर दूर आ गया हूं!
बस! अब इस रेस के खत्म होने का समय आ गया है!
तू मुझे कभी पकड़ नहीं पाएगा!
शर्त लगाओगे!
हैं! मेरी तो कुछ समझ में नहीं आ रहा है कि ये हो क्या रहा है!
और... और मैं आगे क्यों नहीं बढ़ पा रहा हूं? मेरे पैरों के नीचे ये क्या है?
50

जायंट ट्रीड मिल! जिसका इस्तेमाल एयर-पोर्ट पर या सीपोर्ट पर किया जाता है!
ये तुम्हारे पैरों के साथ ही घूमेगी!
इसको मैंने पहले से ही तुम्हारे स्वागत के लिए इस रास्ते पर लगवा रखा था!
पर तू साथ में क्यों नहीं चल रहा है?
क्योंकि मैं रोलर स्केट्स पर खड़ा हूं!
और अब...
...आखिरी सरप्राईज!
ये... ये क्या है?
बुलेटप्रूफ फाईबर का बना क्यूबिकल!
अब तुम्हारे भागने के दिन खत्म हुए फास्ट फॉरवर्ड!
या मैं कहूं लियो!
तुम... तुम तो गायब हो रहे हो? पर कैसे?
क्योंकि वो मैं नहीं मेरी प्रोजेक्टेड इमेज थी!
एक्जीबीशन हॉल वालों को मेरी मदद तो करनी ही थी! आखिर मैंने उनके पांच सौ करोड़ के हीरे जो बचाए थे!
एक्जीबीशन हॉल? मदद!
भूल गए? भूल गए कि उनके पास एक थ्री डी प्रोजेक्शन सिस्टम था जो हीरों की इमेज दिखाता था! असली जैसी!
बस उसी सिस्टम को मैंने अपने क्लोज सर्किट कैमरों के नेटवर्क के साथ जोड़ दिया और हर जगह तुमसे पहले पहुंच गया!
धोखा! मेरे... मेरे साथ धोखा हुआ है!
वो तो हुआ है! क्योंकि मैं जानता हूं कि कोई और तुमको इस काम के लिए इस्तेमाल कर रहा है!
और वह तुमको शॉर्ट वेव्स के जरिए कंट्रोल भी कर रहा है! पर अब वह भी तुम्हारी कोई मदद नहीं कर पाएगा!
क्योंकि इस पूरे एरिया में 'जैमर' लगे हैं! वे किसी भी सिग्नल को दूर से न आने देंगे!
और न ही दूर तक जाने देंगे!
थैंक्स ध्रुव! तुमने मेरे नाम पर कलंक लगने से बचा लिया!
पर अभी आधा ही काम हुआ है पजेरो!

किलबिल अभी भी आजाद है! पर उसको ढूंढ़ा कैसे जाए?
उसके लंबे घुंघराले बाल हैं! सिर पर हमेशा हैट लगाए रखता है और उसकी आड़ में अपना चेहरा छुपाए रखता है!
हमको तो ये भी पता नहीं कि किलबिल कैसा दिखता है और है कौन?
पर वो अपना रूप बदलने में माहिर है! वह कोई भी हो सकता है! तुम, मैं या प्रधानमंत्री की सुरक्षा में तैनात सैकड़ों सुरक्षाकर्मियों में से एक! कोई भी! एनी बडी!
जैसे मास्टर जी!
व्हाट! मास्टर?
इसीलिए उनके शरीर पर चोटों के नए निशान मिले हैं!
मैं समझ गया! जिससे हम मिले थे वह मास्टर जी न होकर किलबिल था! और अस्पताल में बैठकर वह फास्ट फॉरवर्ड को कंट्रोल कर रहा था!
और जब हमसे मिलने के बाद उसको लगा कि उसका भेद खुल सकता है तो उसने अपनी जगह असली मास्टर जी को रिप्लेस कर दिया!
ओ गॉड! ओ गॉड!
यानी वह हमारी नजर के सामने था और हम उसे पहचान नहीं पाए! और अब तक तो वह सुरक्षा कर्मियों में न जाने किस रूप में शामिल हो गया होगा!
ध्रुव! किसलिए बुलाया है हमको?
ओ, इंस्पेक्टर खली!
मैंने आपको बुलाया तो नहीं, पर बुलाने वाला जरूर था!
आपको पता कैसे चला कि यहां पर... कुछ हो रहा है!
वो... यहां से गुजरने वाले किसी राहगीर ने ये सीन देखा होगा और फिर कंट्रोलरूम में फोन कर दिया! और फिर... उन्होंने मुझे यहां पर भेज दिया!
आप लोग मुझे ऐसे क्यों देख रहे हैं? क्रिमिनल को मेरे हवाले करिए! मुझे और भी काम है!

मुझे पकड़ने के सपने देख रहा है इंस्पेक्टर! फास्ट फॉरवर्ड की शक्तियां अब नेक्स्ट लेवल पर पहुंच चुकी हैं!
अब फास्ट फॉरवर्ड को पकड़ने की सोचो...
...तो नाम के आगे पहले से 'स्वर्गीय' लगाना मत भूलना!
ये... ये क्या हो रहा है?
इसने अपने शरीर के अणुओं को वायब्रेट करके अलग करना सीख लिया है!
अब इसको कोई कैद नहीं रोक सकती!
क्योंकि मैं ठोस चीजों के आर-पार जाने की क्षमता प्राप्त कर चुका हूं!
पर ये पॉवर एकाएक कैसे एक्टीवेट हो गई!
इसका एक ही कारण है! किलबिल! ये पॉवर उसी ने एक्टीवेट की है!
और इसका मतलब है कि वह आसपास ही है!
पर वह कैसे?
शूट!
धांय
धांय
धांय
धांय
अब गोलियां मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकतीं! अगर मैं ठोस चीजों के आर-पार जा सकता हूं तो जाहिर है कि...
पक
पक
पक
पक
...ठोस चीजें मेरे आर-पार भी आ सकती हैं!
अब फास्ट फॉरवर्ड अजेय है!
आई एम इंविंसिबल!
प्रधानमंत्री! तेरी मौत फास्ट फॉरवर्ड लेकर आ रहा है!

ओफ़! प्रधानमंत्री के काफिले का रूट यहां से सिर्फ पांच सौ मीटर की दूरी पर है! हमको फास्ट फॉरवर्ड को हर कीमत पर रोकना होगा!
फास्ट फॉरवर्ड को परमानेंट रूप से रोकने का एक ही तरीका है! किलबिल को ढूंढकर उसे रोकना! वर्ना फास्ट फॉरवर्ड भागता रहेगा और हम पीछा करते रहेंगे!
फिलहाल तो जो सामने है उसको रोकना हमारी पहली प्राथमिकता है! मैंने रेड एलर्ट का मैसेज भेज दिया है! अब आओ मेरे साथ!
ध्रुव! तुम फास्ट फॉरवर्ड से निपटो! मैं इस मुसीबत की जड़ किलबिल को ढूंढूंगा!
और उसको ढूंढने लायक यंत्र मेरे पास है!
जैसी आपकी मर्जी!
आओ ध्रुव!
पीईं पीं
वैसे ये महाशय थे कौन?
फास्ट फॉरवर्ड के आविष्कारक!
ईं पीईं पीईं
और ये किलबिल?
पता नहीं!
मैं तो ये भी नहीं जानता कि ऐसा कोई शख्स है भी या नहीं!
नहीं सर! फिर बहुत देर हो जाएगी! मैं जानता हूं कि किलबिल को कैसे पकड़ा जा सकता है?
प्लीज सर! प्लीज! जस्ट फॉर वन मिनट!
सर! मुझे कैप्टेन से बात करनी है! वे अपनी ही सिखाई बात को भूल रहे हैं!
कैडेट विक्रम! कैप्टेन अभी बिजी हैं! उनको अपने फालतू आइडिए बाद में देना!
ओ. के.! ओ. के.! लेकिन याद रखना!
अगर तुम्हारा आइडिया बेकार निकला तो...
...मैं तुमको छोड़ूंगा नहीं!
यस, विक्रम! बोलो!
गुड आइडिया! तुम इस पर काम करो! चाहो तो मेरे दोस्तों की मदद भी ले लो! गुड लक!
ओवर एंड ऑल!
किलबिल को चारों तरफ से घेरा जा रहा था-
पर अब तक शायद देर हो चुकी थी-
रूट पर ये कौन आ गया है! शूट टू किल!
टेक नो रिस्क!

प्रधानमंत्री का काफिला एकदम पास आ चुका है!
ब्लास्ट हिम!
कितनी गोलियां उस एक पल में दग गईं, इसका अंदाजा लगाना भी मुश्किल था-
तड़. तड़. तड़. तड़. तड़. तड़. तड़.
और अगले पल में-
कितने सुरक्षाकर्मी ढेर हो गए यह गिनना भी मुश्किल था-
गोलियां तो इसके आर-पार...
आऽऽऽह!
अब प्रधानमंत्री के काफिले को-
रुकना ही रुकना था-
कड़ड़ऽऽऽड़.
शिकार भी सामने था-
और शिकार का भक्षक भी-
पर अब उन दोनों के बीच में एक रक्षक था-
रुक जाओ फास्ट फॉरवर्ड!
अब कुछ रुकेंगी तो सिर्फ पी. एस. की सांसें!
और साथ में तुम्हारी भी!
अब यहां पर सिर्फ एक आदमी बचेगा!
फास्ट फॉरवर्ड!
बम के जमीन से टकराते ही सब खत्म हो जाना था-
अब सबकुछ गति पर निर्भर करता था-
बम को रोकने का एक ही तरीका था-
कि बम के नीचे से जमीन को हटा दिया जाए-
प्लाप

कड़.कड़.कड़.कड़.कड़.कड़.कड़.कड़.क
तूने... तूने बम को बेकार कर दिया!
तुमको ध्यान देना चाहिए था कि तुम बम को एक मेनहोल के ऊपर गिरा रहे हो!
अब फास्ट फॉरवर्ड खुद एक बम है!
ऐसी तबाही मचाऊंगा कि तुम सबके दिल तो क्या...
... जमीन तक कांप उठेगी!
सुपर टर्बो पॉवर!
कड़.ड़.ड़.ड़.ड़.ड़.
वायब्रेशन बढ़ने लगा-
और दरारें और चौड़ी होने लगीं-
खाईयां बनने लगीं-
हम गिर रहे हैं!
हीं'sssss
तू मुझे छू भी नहीं सकता ध्रुव! रोकना तो दूर की बात है!
मैं तुम पर नहीं...
इस टुकड़े पर कूद रहा था जिस पर तुम खड़े हुए हो!
आऽऽऽऽऽ
वायब्रेशन खत्म होते ही जमीन वापस फिर से जुड़ रही है!
ओफ़! फास्ट फॉरवर्ड तो अंदर दबकर ही रह जाएगा!
एक तरफ ऊर्जा का दबाव था-
और दूसरी तरफ ग्रेविटी का प्रेशर-
किसी न किसी को तो जीतना ही था-
क्या खत्म हो गया फास्ट फॉरवर्ड?
पता नहीं! उसके पास अपने शरीर को अणुओं में बदलने की शक्ति है!
पर तुमने मुझे ही नहीं...

भारत की इज्जत को धूल में मिलने से बचा लिया है! हम तुम्हारे शुक्रगुजार हैं!
शर्मिन्दा न करें सर! आप हमारे सिस्टम के हेड हैं! और इस सिर के लिए मेरे जैसे सैकड़ों सिर कुर्बान हैं!
औरों का तो पता नहीं, लेकिन तुमने मेरा सिर जरूर बचा लिया है, ध्रुव!
और हां! उस किलबिल का अब क्या होगा?
वह भी मिल जाएगा! पहले तुम्हारे थाने चलकर चाय-वाय पीते हैं! कुछ रिलैक्स करते हैं!
और फिर-
अरे! थाने के बाहर कुत्तों की फौज जमा है?
अंदर और भी हैं!
विक्रम!
इतने सारे कुत्ते?
कैप्टेन, आपने ही तो दोस्तों की मदद लेने को कहा था! दोस्त की नहीं!
लो इंस्पेक्टर खली! ये है दुनिया का सबसे बड़ा कांट्रेक्ट किलर किलबिल!
पर ये तो... ये तो...
... वो मैं हूं!
ये तो मेरा रूप धारण किए हुए है!
पता नहीं मैं कहां गलती कर गया! गुप्त रहने के लिए मैं मास्टर को अपने आदमियों की निगरानी में रखकर पहले मास्टर बना...
... फिर तुम्हारा साथ पाने के लिए वैज्ञानिक बन गया! फिर मैं गलती कहां कर गया?
उस कोरियर में अपनी गंध छोड़कर जो तुम आत्मबल में देने आए थे!
और इस बात का ध्यान मुझे विक्रम ने दिलाया था!
और फिर वह मेरे दोस्तों को तुम्हारी गंध सुंघाकर तुम्हारी तलाश में निकल पड़ा!
अब तो मानते हो न श्वेता की पसंद को करीम?
यस बॉस!
समाप्त

मैं इसका वंशज हूं साइंसटर और मैंने वंश की अपराध विनाशक परंपरा को कायम रखा है। लेकिन आज के दिन भी लोग इसी ध्रुव की कहानियां पढ़ते हैं और इसी के गुण गाते हैं।
जबकि मेरी तकनीकी क्षमता के सामने तो यह ध्रुव पाषाण युग का आदिमानव है!
DAY
24 AUGUST, 5062 :
02,
तो मैं तुमको भेजता हूं सन् 2008 के भूतकाल में।
जाओ और दिखा दो कि रियल हीरो ये ध्रुव नहीं, बल्कि ब्रह्मांड का ऑल टाइम ग्रेटेस्ट क्राइम फाइटर 'जीनो' है।
ध्रुविष्य
अनुपम vinod
भविष्य का ध्रुव टकराएगा वर्तमान के ध्रुव से और दांव पर लगेगी इंसान की सबसे बड़ी पूंजी-इज्जत! पर क्या मामला इतना ही सीधा है जितना दिख रहा है...या पर्दे के पीछे कोई और कहानी चल रही है?
ये बताएगा राज कॉमिक्स का यह 'आल टाइम ग्रेट' कॉमिक विशेषांक!

प्रेम एक तपस्या है यह तपस्या करने का अधिकार उसे है जो अपने सिर ले सके ...
प्रेम बला
PART 1
अमरप्रेम

आज परमाणु का राज जानकर ही रहेगी शीना...
GOVIND RAM
...जो होगा देखा जाएगा

मुम्बई के बाप पर लगा आरोप कि...
डोगा हिन्दू है
क्या सच?
Lalit RAKESH

भोकाल भी है जिन्हें देखकर हैरान!
कैसे हैं यह...

राज कॉमिक्स में पढ़िए परीरक्षक भोकाल का अद्भुत व रोमांचक कॉमिक विशेषांक